Code No. **66/1/3**
कोड नं.

- Please check that this question paper contains 7 printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains 25 questions.
- Please write down the serial number of the question before attempting it.
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 7 हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 25 प्रश्न हैं।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।

BUSINESS STUDIES
व्यावसायिक अध्ययन

Time allowed : 3 hours *Maximum Marks : 100*
निर्धारित समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*

General Instructions :

(1) Answers to questions carrying **2–3** marks should not exceed **30–40** words.

(2) Answers to questions carrying **4–5** marks should not exceed **60–80** words.

(3) Answers to questions carrying **6** marks should not exceed **100** words.

(4) Attempt all parts of a question together.

सामान्य निर्देश :

(1) **2–3** अंकों वाले प्रश्नों के उत्तर **30–40** शब्दों से अधिक न हों।

(2) **4–5** अंकों वाले प्रश्नों के उत्तर **60–80** शब्दों से अधिक न हों।

(3) **6** अंकों वाले प्रश्नों के उत्तर **100** शब्दों से अधिक न हों।

(4) किसी प्रश्न के सभी भाग साथ-साथ ही हल कीजिए।

1. Differentiate between 'marketing' and 'selling' on the basis of : **2**

(a) objective and

(b) process

(अ) उद्देश्य तथा (ब) प्रक्रिया के आधार पर 'विपणन' एवं 'विक्रय-कला' में अन्तर कीजिए।

2. Explain, in brief, the term 'supervision' as an element of directing. **2**

'निर्देशन के तत्त्व के रूप में 'पर्यवेक्षण' शब्द को संक्षेप में स्पष्ट कीजिए।

3. What is 'marketing management' ? **2**

'विपणन प्रबन्ध' क्या हैं ?

4. Explain, in brief,'management' as an activity. **2**

क्रिया के रूप में 'प्रबन्ध' को संक्षेप में स्पष्ट कीजिए।

5. Give any **two** examples of the impact on business organisations due to change in economic environment. **2**

व्यवसायिक संगठनों पर आर्थिक वातावरण के परिवर्तन से होने वाले प्रभाव के कोई **दो** उदाहरण दीजिए।

6. Explain briefly any **three** factors that are considered while fixing the price of a product. **3**

ऐसे कोई **तीन** घटक संक्षेप में स्पष्ट कीजिए जिन्हें उत्पाद का मूल्य निर्धारित करते समय ध्यान में रखा जाता है।

7. Explain briefly any **three** techniques of sales promotion commonly used by marketeers to attract the customers towards the product. **3**

ऐसे किन्हीं **तीन** विक्रय संवर्धन तकनीकों को स्पष्ट कीजिए जिन्हें विपणन-विक्रेता ग्राहकों का ध्यान उत्पाद की ओर आकर्षि करने के लिए साधारणतया उपयोग में लाते हैं।

8. Explain the meaning of management principles and state how are they derived at. **3**

प्रबन्ध के सिद्धान्तों के अभिप्राय को स्पष्ट कीजिए तथा बताइये कि उनकी उत्पत्ति कैसे होती हैं।

9. "The post of supervisor should be abolished in the hierarchy of managers". Do you agree ? Give any **three** reasons in support of your answer. **3**

''प्रबन्धकों की शृंखला में पर्यवेक्षक का पद समाप्त कर देना चाहिए।'' क्या आप सहमत हैं ? अपने उत्तर के समर्थन में कोई **तीन** कारण दीजिए।

10. Enumerate any **six** common barriers to effective communication. **3**

प्रभावी सम्प्रेषण में प्रायः आने वाली किन्हीं **छः** बाधाओं की गणना कीजिए।

11. The directors of a company want to modernise its plants and machinery by making a public issue of shares. They wish to approach stock exchange, while the finance manager prefers to approach a consultant for the new public issue of shares. Advise the directors whether to approach stock exchange or a consultant for new public issue of shares and why ? Also advise about the different methods which the company may adopt for the new public issue of shares. **4**

एक कम्पनी के संचालकों ने सार्वजनिक अंश-निर्गमन द्वारा संयंत्र व मशीनों के आधुनिकीकरण का निर्णय लिया। वे शेयर बाज़ार का सहारा लेना चाहते हैं जबकि वित्त प्रबन्धक नये सार्वजनिक अंश-निर्गमन हेतु सलाहकार की सलाह लेना चाहते हैं। संचालकों को सलाह दीजिए कि वे नये सार्वजनिक अंश-निर्गमन हेतु शेयर बाज़ार का सहारा लें अथवा सलाहकार का तथा क्यों ? उन विभिन्न विधियों के विषय में भी सलाह दीजिए जो कम्पनी नये सार्वजनिक अंश-निर्गमन के लिए अपना सकती है।

12. Which method of wage payment — Time-rate or Piece-rate — would you adopt in each of the following situations ? Give reasons in support of your answer. **4**

(i) Where quality is of supreme importance,

(ii) Where units of output can be measured,

(iii) Where job is standardised, and

(iv) Where there is no clear relationship between effort and output.

निम्नलिखित स्थितियों में आप पारिश्रमिक भुगतान की कौन सी विधि — समयानुसार अथवा कार्यानुसार अपनायेंगे ? अपने उत्तर के समर्थन में कारण दीजिए।

(i) जहाँ गुणवत्ता अत्यधिक महत्वपूर्ण हो,

(ii) जहाँ उत्पादन की इकाईयाँ मापी जा सकती हों,

(iii) जहाँ कार्य मानदण्डों के अनुसार हो, तथा

(iv) जहाँ उत्पादन एवं प्रयास में स्पष्ट सम्बन्ध न हो।

13. State any **four** regulatory functions of Securities and Exchange Board of India (SEBI). **4**

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड के कोई **चार** नियमन सम्बन्धी कार्य बताइये।

14. Which principle of management is violated if an employee is asked to receive orders from two superiors ? Explain the principle with a suitable example. **4**

यदि किसी कर्मचारी को एक से अधिक उच्च अधिकारियों से आदेश लेने को कहा जाता है, तो प्रबन्ध के किस सिद्धान्त का उल्लंघन होता है ? सिद्धान्त को उपयुक्त उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

15. "Authority can be delegated but responsibility cannot." Explain this statement, in brief. **4**

''अधिकार सौंपा जा सकता है, परन्तु उत्तरदायित्व नहीं।'' इस कथन को संक्षेप में स्पष्ट कीजिए।

16. Explain, in brief, any **five** ways in which Indian managers are responding to changes in business environment. **5**

ऐसे किन्हीं **पाँच** तरीकों को संक्षेप में स्पष्ट कीजिए जिनमें भारतीय प्रबन्धक व्यावसायिक वातावरण में बदलाव पर प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे हैं।

17. "Administration comes first, management follows it". Explain the view. **5**

''प्रशासन पहले आता है, प्रबन्ध इसका अनुगमन करता है।'' इस दृष्टिकोण को स्पष्ट कीजिए।

18. Explain, in brief, any five factors that should be taken into consideration while determining the long-term dividend policy. **5**

ऐसे किन्हीं **पाँच** घटकों को संक्षेप में स्पष्ट कीजिए जिन्हें दीर्घ-कालीन लाभांश नीति का निर्धारण करते समय ध्यान में रखना चाहिए।

19. Explain briefly the relationship between 'planning' and 'controlling'. **5**

'नियोजन' एवं 'नियन्त्रण' के सम्बन्ध को संक्षेप में स्पष्ट कीजिए।

20. "Both under-capitalisation and over-capitalisation are evils, but under-capitalisation is a lesser evil." Do you agree with this statement ? Give reasons. **5**

''यद्यपि अल्प-पूँजीकरण एवं अति-पूँजीकरण दोनों ही घातक हैं, परन्तु अल्प-पूँजीकरण कम घातक होता है।'' क्या आप इस कथन से सहमत हैं ? कारण दीजिए।

21. Explain the following rights of consumers : **6**

(i) The Right to be informed

(ii) The Right to choose and

(iii) The Right to healthy environment

OR

Giving any **six** points, explain the importance of consumer protection in India.

उपभोक्ताओं के निम्न अधिकारों को स्पष्ट कीजिए :

(i) सूचना का अधिकार

(ii) चयन करने का अधिकार, तथा

(iii) स्वस्थ वातावरण का अधिकार

अथवा

कोई **छः** बिन्दु देते हुए भारत में उपभोक्ता संरक्षण के महत्त्व को स्पष्ट कीजिए।

22. Explain briefly any **six** features of planning. **6**

OR

Explain, in brief, the meaning of 'Goals' and 'Objectives' as types of plans and give any **four** examples of each.

नियोजन के किन्हीं **छः** लक्षणों को संक्षेप में स्पष्ट कीजिए।

अथवा

योजनाओं के प्रकार के रूप में 'लक्ष्य' तथा 'उद्देश्य' शब्दों के अभिप्राय को संक्षेप में स्पष्ट कीजिए तथा प्रत्येक के **चार** उदाहरण दीजिए।

23. What is 'functional structure' of organisation ? Explain any **two** advantages and any **two** disadvantages of this form of organisation. **6**

OR

What is 'formal organisation' ? Distinguish between 'formal organisation' and 'informal organisation' on the basis of

(i) formation, (ii) stability, (iii) communication and (iv) flow of authority

संगठन की 'क्रियात्मक संरचना' क्या है ? इस संगठन के स्वरूप के कोई **दो** गुण तथा कोई **दो** दोष स्पष्ट कीजिए।

अथवा

''औपचारिक संगठन'' क्या है ?

(i) निर्माण, (ii) स्थिरता, (iii) सम्प्रेषण तथा (iv) अधिकार प्रवाह के आधार पर 'औपचारिक संगठन' तथा 'अनौपचारिक संगठन' में अन्तर्भेद कीजिए।

24. Explain, in brief, the following methods of training the workers : **6**

(i) Apprenticeship programme

(ii) Vestibule training

(iii) Job-rotation and

(iv) Internship training

OR

Differentiate between 'Training' and 'Development' on the basis of

(i) Purpose

(ii) Level of trainees involved

(iii) Scope of learning

(iv) Depth of knowledge imparted

(v) Initiative in learning and

(vi) Duration

श्रमिकों के प्रशिक्षण की निम्नांकित विधियों को संक्षेप में स्पष्ट कीजिए :

(i) प्रशिक्षुता कार्यक्रम

(ii) प्रकोष्ठशाला प्रशिक्षण

(iii) कार्य बदली एवं

(iv) संयुक्त प्रशिक्षण

अथवा

(i) उद्देश्य

(ii) सम्मिलित प्रशिक्षार्थियों का स्तर

(iii) अधिगम (ज्ञान) का क्षेत्र

(iv) दिये जाने वाले ज्ञान की गम्भीरता

(v) अधिगम (ज्ञान) की पहल तथा

(vi) अवधि के आधार पर 'प्रशिक्षण' एवं 'विकास' में अन्तर कीजिए।

25. 'Advertising encourages sale of inferior and dubious products' and 'Advertising confuses rather than helps'. Do you agree ? Give reasons.. **6**

OR

Explain, in brief, the factors on which the choice of channels of distribution depend.

'विज्ञापन घटिया एवं संदिग्ध उत्पादों की बिक्री को प्रोत्साहन देता है' तथा 'विज्ञापन भ्रान्ति उत्पादन करता है न कि सहायता।' क्या आप सहमत हैं ? कारण बताइये।

अथवा

उन घटकों को संक्षेप में स्पष्ट कीजिए जिन पर वितरण के माध्यमों का चुनाव निर्भर करता है।